Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - दसवीं | विषय - हिन्दी व्याकरण
दिनांक - 22 अप्रैल, 2024 | शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : सरस हिन्दी व्याकरण - IX, X

उपविषय - अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा दसवीं की हिन्दी व्याकरण की पाठ्यपुस्तक 'सरस हिन्दी व्याकरण' भाग नौ एवं दस की पृष्ठ संख्या 276 पर दिए 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' का अध्ययन करेंगे।

बच्चो! आप सभी अपनी-अपनी व्याकरण की पुस्तक की पृष्ठ संख्या 276 निकाल लें साथ ही व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका साथ लेकर बैठें। विषय का अध्ययन करते-करते आपसे कुछ प्रश्न भी पूछे जाएँगे। उन प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए आपको तीन मिनट दिए जाएँगे। तीन मिनट के अन्तर्गत ही आपको उन प्रश्नों के उत्तर लिखने होंगे। अतः आपका ध्यान इस विषय की ओर ही केन्द्रित होना चाहिए। आशा करती हूँ कि आप अपनी-अपनी पुस्तक एवं उत्तर-पुस्तिका लेकर बैठ गए हैं और पढ़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

बच्चो! भाषा का सौंदर्य बढ़ाने और भाषा में संक्षिप्तता लाने के लिए हम अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करते हैं, इसी को अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कहते हैं। इसके प्रयोग से कथन संक्षिप्त हो जाता है तथा भाषा का सौंदर्य बढ़ जाता है। इन्हें वाक्यांश बोधक शब्द या शब्द समूह के लिए एक शब्द

कक्षा- दसवीं शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय- हिन्दी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द) 

भी कहा जाता है।

आइए, कुछ उदाहरणों द्वारा भी इसे समझने का प्रयास करते हैं।

पहली उदाहरण है :-

(क) जवाहरलाल नेहरू दूर की सोचने वाले थे।

(ख) जवाहरलाल नेहरू दूरदर्शी थे।

दूसरी उदाहरण है :-

(क) ताजमहल देखने लायक इमारत है।

(ख) ताजमहल दर्शनीय इमारत है।

उपर्युक्त उदाहरणों में दो-दो प्रकार के वाक्य लिखे हैं। दोनों का प्रयोग एक-दूसरे के स्थान पर किया जा सकता है। अर्थात् दूर की सोचने वाले के स्थान पर दूरदर्शी तथा देखने लायक के स्थान पर दर्शनीय शब्द का प्रयोग किया जा सकता है।

'दूरदर्शी' तथा 'दर्शनीय' अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए गए एक-एक शब्द हैं।

अतः अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द के प्रयोग से भाषा में संक्षिप्तता एवं स्पष्टता आती है। इससे अभिव्यक्ति सौंदर्य बढ़ जाता है। हिन्दी में कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक विचारों की अभिव्यक्ति के लिए वाक्यांशों के लिए एक शब्द का प्रयोग बहुपयोगी होता है।

बच्चो! अब आपकी पुस्तक की पृष्ठ संख्या 276 पर दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का अध्ययन करेंगे। कक्षा नौवीं में आपने अजेय से निराधार तक स्मरण किए हैं अब हम प्रत्यक्ष से आरंभ करेंगे। आपका ध्यान अपनी-अपनी पुस्तक पर ही केन्द्रित होना चाहिए। इनका आपने दो-तीन बार पढ़कर ही अभ्यास करना है।

कक्षा - दसवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द) 3

| | |
|---|---|
| आँखों के आगे होने वाला | प्रत्यक्ष |
| आँखों के पीछे होने वाला | परोक्ष |
| दोपहर से पूर्व का समय | पूर्वाह्न |
| प्रिय बोलने वाली स्त्री | प्रियंवदा |
| पंद्रह दिनों में एक बार होने वाला | पाक्षिक |
| तुरंत बुद्धि वाला | प्रत्युत्पन्नमति |
| पृथ्वी से निर्मित | पार्थिव |
| जिसके आर-पार देखा जा सके | पारदर्शी |
| जिसे पिया जा सके | पेय |
| ऐतिहासिक युग के पहले का | प्रागैतिहासिक |
| पति द्वारा छोड़ी गई स्त्री | परित्यक्ता |
| उपकार के बदले उपकार | प्रत्युपकार |
| बहुत कुछ जानने वाला | बहुज्ञ |
| जब भूख लगी हो | बुभुक्षा |
| जिसकी अत्यधिक चर्चा हुई हो | बहुचर्चित |
| जिसे बहुत सुना गया है | बहुश्रुत |
| जो पहले हो चुका है | भूतपूर्व |
| मांस खाने वाला | मांसाहारी |
| कम व्यय करने वाला | मितव्ययी |
| थोड़ा/कम भोजन करने वाला | मिताहारी |

बच्चो ! अब मैं इनसे संबंधित आपसे कुछ प्रश्न पूछूँगी। प्रश्न सुनकर आप अपनी ऑडियो को तीन मिनट का विराम देकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 2. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग क्यों किया जाता है ?

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :-

कक्षा- दसवीं शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय- हिन्दी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)



(क) पंद्रह दिन में एक बार होने वाला -

(ख) जिसकी अत्यधिक चर्चा हुई हो -

(ग) जिसके आर-पार देखा जा सके -

बच्चो ! उत्तर लिखने के लिए दी गई अवधि अब समाप्त हो चुकी है। आशा है कि आपने पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिख लिए होंगे। अब मैं आपको उन्हीं प्रश्नों के उत्तर बता रही हूँ, जो इस प्रकार हैं :-

उत्तर 1. अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' के नाम से जाना जाता है।

उत्तर 2. भाषा का सौंदर्य बढ़ाने एवं भाषा में संक्षिप्तता लाने के लिए हम अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करते हैं।

उत्तर 3. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द हैं :-

(क) पंद्रह दिन में एक बार होने वाला - पाक्षिक

(ख) जिसकी अत्यधिक चर्चा हुई हो - बहुचर्चित

(ग) जिसके आर-पार देखा जा सके - पारदर्शी

बच्चो ! अब हम आगे दिए गए वाक्यांशबोधक शब्दों का अध्ययन करेंगे। आपका ध्यान इसी प्रकार पुस्तक पर ही केन्द्रित होना चाहिए। इन्हें आप मेरे पीछे ऊँचे स्वर में दोहराएँगे।

| | |
|---|---|
| मन को हरने वाला | मनोहर |
| मोक्ष की इच्छा रखने वाला | मुमुक्षु |
| किसी मत के पीछे चलने वाला | मतानुयायी |
| जिसकी इच्छाएँ बहुत ऊँची हों | महत्त्वाकांक्षी |
| जो हृदय को छू ले | मर्मस्पर्शी |
| वीर पुत्र पैदा करने वाली | वीरप्रसू |
| जिसका वर्णन संभव नहीं | वर्णनातीत |
| संतानहीन स्त्री | वंध्या |
| विश्वास करने योग्य | विश्वस्त |

कक्षा - दसवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द) 

| | |
|---|---|
| सौ अब्दों (वर्षों) का समूह | शताब्दी |
| सभ्य पुरुषों का आचरण | शिष्टाचार |
| सबको समान देखने वाला | समदर्शी |
| एक से दूसरे को लगने वाला | संक्रामक |
| पचास वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य - में होने वाला उत्सव | स्वर्ण जयंती |
| साठ वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य - में होने वाला उत्सव | हीरक जयंती |
| जिसमें उत्साह न रह गया हो | हतोत्साही |
| पच्चीस वर्ष पूरा करने के उपलक्ष्य में होने वाला उत्सव | रजत जयंती |
| जो अपने समय का ज्ञानी हो | युगद्रष्टा |
| जो क्षमा करने के लिए प्रार्थना करे | क्षमाप्रार्थी |

बच्चो ! आज हमने प्रत्यक्ष से क्षमाप्रार्थी तक अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का अध्ययन कर लिया है। आशा करती हूँ कि आपने इन्हें ध्यान से सुना एवं समझा होगा। इन शब्दों को दो-तीन बार अवश्य दोहराएँगे। अब मैं आपको गृहकार्य दे रही हूँ। इस कार्य को आप अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

## गृहकार्य

सभी छात्र व्याकरण की पुस्तक की पृष्ठ संख्या 276 एवं 277 पर दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द (प्रत्यक्ष से क्षमाप्रार्थी तक) दो-तीन बार ऊँचे स्वर में दोहराएँगे एवं इन्हें अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में भी लिखेंगे। सभी छात्रों का इन्हें स्मरण करना भी आवश्यक है।

धन्यवाद।

[अंतिम पृष्ठ]